**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन ने डाउनटाउन ब्रैम्पटन फ्लड प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट के लिए पर्याप्त फेडरल फंडिंग सुरक्षित की

*कैनेडा सरकार ने प्रोजेक्ट के लिए 38 मिलियन डॉलर से अधिक मंज़ूर किए*

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 नवंबर, 2020) – आज, मिनिस्टर ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कम्युनिटीज, माननीय कैथरीन मकैना (Catherine McKenna) और संयुक्त क्षेत्र के एम.पी. (MP) और सिटी काउंसिल के मेम्बर्स ने घोषणा की कि सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में बाढ़ को दूर करने के लिए, 38 मिलियन डॉलर से अधिक फंडिंग मिलेगी, जो सिटी को इसके रिवरवॉक (Riverwalk) प्रोजेक्ट को कार्यान्वित करने में, एक कदम आगे बढ़ाएगी।

सिटी के, डाउनटाउन ब्रैम्पटन फ्लड प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट *(Downtown Brampton Flood Protection Project)* के आवेदन को, कैनेडा सरकार द्वारा मंज़ूरी दी गई है। यह मंज़ूरी, डिजास्टर मिटीगेशन एंड अडाप्टेशन फंड (डी.एम.ए.एफ.) (Disaster Mitigation and Adaptation Fund) (DMAF) के नियमों व शर्तों के अंतर्गत, प्रोजेक्ट की सफल समीक्षा के बाद दी गई है।

इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य, पूरे डाउनटाउन ब्रैम्पटन में 600 मीटर ठोस चैनल का विस्तार करना, पुलों को बदलना और सड़क मार्गों को बढ़ाना है। एटोबीको क्रीक  (Etobicoke Creek) के क्षमता स्तरों को बढ़ाने के लिए, मौजूदा चैनल का विस्तार और इसे गहरा किया जाएगा, जिसे 1952 में बनाया गया था। प्रोजेक्ट क्षेत्र के पुलों को, बड़े विस्तार वाले स्ट्रक्चरों और अधिक ऊंचे सड़क मार्गों से बदला जाएगा।

डी.एम.ए.एफ. (DMAF) से प्रोजेक्ट की फेडरल फंडिंग, अधिकतम फेडरल योगदान 38,852,397 डॉलर के लिए, कुल योग्य प्रोजेक्ट लागतों का 40 प्रतिशत तक होगी।

रिवरवॉक एक परिवर्तनशील पहलकदमी है, जो डाउनटाउन ब्रैम्पटन में आर्थिक संभावना खोलने में मदद करेगी। सितम्बर 2020 में, मिनिस्ट्री ऑफ द एन्वायरनमेंट, कन्जर्वेशन एंड पार्क्स (Ministry of the Environment, Conservation and Parks) ने डाउनटाउन ब्रैम्पटन फ्लड प्रोटेक्शन एन्वायरनमेंट असेस्सेंट (Downtown Brampton Flood Protection Environment Assessment) के लिए मंज़ूरी दी थी, जिसने क्षेत्र में बाढ़ के मौजूदा जोखिम को कम करने और इस समय प्रांतीय नियोजन पर लगी पाबंदियों पर ध्यान देने में मदद के लिए, व्यवहारिक समाधान की पहचान की।

इस समय रिवरवॉक के लिए कंप्लीमेंट्री खुली जगह (ओपन स्पेस) प्लान भी विकसित किया जा रहा है। रिवरवॉक एरिया अर्बन डिज़ाइन मास्टर प्लान (Riverwalk Area Urban Design Master Plan), एक खुली जगह का मास्टर प्लान है, जो बाढ़ संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर के ट्रीटमेंट, वैली के साथ-साथ खुली जगह संबंधी सिस्टम, सक्रिय ट्रांस्पोर्टेशन नेटवर्क के एकीकरण, वातावरण और आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों और प्रोग्रामिंग, रिवरवॉक के लिए संपूर्ण दृष्टिकोण को कार्यरूप देने के लिए धारणाएं विकसित करेगा।

**रिवरवॉक के बारे में**

डाउनटाउन ब्रैम्पटन, एटोबीको क्रीक की बाढ़ से प्रभावित होने वाली जमीन के अंदर स्थित है। खतरे संबंधी प्रबंधन के लिए प्रांत की नीतियों ने अब तक, विकास के प्रकार और मात्रा को सीमित किया है, जो आज वहां हो सकता है। रिवरवॉक, बाढ़ के जोखिमों को दूर करने और एक नई, खुली शहरी जगह बनाने के लिए दो-भागों वाला समाधान है। यह ब्रैम्पटन के डाउनटाउन को दुबारा शक्तिशाली बनाने और इसे स्थिर, स्वस्थ व लचीला बनाने में मदद करेगा।

डाउनटाउन ब्रैम्पटन में, बाढ़ के मौजूदा जोखिम को दूर करने और नियोजन और विकास पर पाबंदियां लगाने से, रिवरवॉक, दुबारा बनाए गए एटोबीको क्रीक से लेकर क्षेत्र तक विस्तार करता है। यह क्षेत्र एटोबीको क्रीक वैली कॉरिडोर और ट्रेल सिस्टम से जुड़ी, पब्लिक जगहों और पार्कों से घिरा हुआ है। इससे डाउनटाउन में, 23,000 से अधिक नौकरियां पैदा करते हुए और जी.डी.पी. (GDP) पर $1.4 बिलियन का प्रभाव डालते हुए, 3.6 मिलियन वर्ग फुट की रिहायशी, कमर्शियल और रिटेल जगह खुलने की संभावना है।

रिवरवॉक के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.brampton.ca/riverwalk पर जाएं।

**हवाले**

“ब्रैम्पटन सिटी काउंसिल, डाउनटाउन ब्रैम्पटन की क्षमता को खोलने और ऐसा ग्रीन सिटी होने के लिए प्रतिबद्ध है, जो मज़बूत, लचीला और स्थिर हो। यह कैनेडा  सरकार द्वारा, बेहद स्वागती घोषणा है, क्योंकि यह न केवल परिवर्तनशील रिवरवॉक प्रोजेक्ट को कार्यान्वित करने में, हमें एक कदम आगे बढ़ाएगा, बल्कि हमारे समुदाय को फिर शक्तिशाली भी बनाएगा। साथ ही, यह बाढ़ के जोखिम को दूर करने के अपने नवीन और प्रभावी समाधान के लिए, विकास और नौकरियां पैदा करने और सभी के आनंद लेने के लिए पब्लिक जगह में सुधार करने के लिए, ब्रैम्पटन को प्रसिद्धि दिलाएगा।”

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन अवसरों का शहर है, जो जोशीले और विकासशील डाउनटाउन के साथ, रचनात्मक, नवीन और उद्यम संबंधी वातावरण की हिमायत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बाढ़ संबंधी जोखिम, दशकों से ब्रैम्पटन में विकास और वृद्धि की रुकावट बना हुआ है, जिस पर जब सिटी के बाढ़ की रोकथाम संबंधी प्रोजेक्ट के द्वारा ध्यान दिया गया, तो इससे सिटी रिवरवॉक और ऐसी जगहें बनाकर आगे बढ़ने में सक्षम होगी, जिसका निवासी और आगंतुक (विजीटर्स) आगामी वर्षों में आनंद ले पाएंगे।”

*- पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, चेयर, पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“कैनेडा सरकार द्वारा इस फंडिंग के साथ, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन न केवल, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में बाढ़ के जोखिम को कम करने में, बल्कि शहरी वृद्धि और विकास पैदा करने तथा क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने में भी सक्षम होगी। परिवर्तनशील रिवरवॉक पहलकदमी के साथ हम ऐसा डाउनटाउन बनाना जारी रख पाएंगे, जो यहां रहने और आने वाले, सभी लोगों के लिए स्थिर, स्वस्थ, लचीली और आनंद लेने वाली जगह हो।”

*- पैट फोर्टिनी (Pat Fortini), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8, वाइस चेयर, पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“रिवरवॉक, ब्रैम्पटन के लिए एक रोमांचक पहलकदमी है, जिस पर सिटी का स्टाफ, कई वर्षों से पूरी मेहनत से काम कर रहा है। इसे आगे बढ़ते हुए और सफल होते हुए देखना बहुत रोमांचक है। टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटीज के मुताबिक रिवरवॉक एक परिवर्तनशील पहलकदमी है, जो संपूर्ण समुदाय बनाते हुए और इनोवेशन कॉरिडोर पर ब्रैम्पटन की स्थिति को मज़बूत बनाते हुए, डाउनटाउन ब्रैम्पटन के पुनर्निर्माण और नए विकासों में मदद करेगी।”

- *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“कैनेडा सरकार, मौसम संबंधी गंभीर घटनाओं और बदलती जलवायु से पैदा होने वाली समस्याओं के जोखिमों से बेहतर ढंग से निपटने में, ब्रैम्पटन जैसे समुदायों की मदद कर रही है। यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट, डाउनटाउन के केंद्र में बाढ़ आने के जोखिम वाले 31 हेक्टेयर क्षेत्र के, 3,665 लोगों के लचीलेपन में सुधार करेगा। हमारे डिजास्टर मिटीगेशन एंड अडाप्टेशन फंड के द्वारा, हम ब्रैम्पटन में बाढ़ की रोकथाम में मदद करने के लिए, 38.8 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश कर रहे हैं, जो निवासियों, उनके घरों और लोकल कारोबारों की रक्षा करेगा।”

- *माननीय कैथरीन मकैना* (Catherine McKenna), *मिनिस्टर ऑफ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कम्युनिटीज*

“कैनेडा सरकार को, डाउनटाउन ब्रैम्पटन फ्लड प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट के द्वारा, इंफ्रास्ट्रक्चर में की वृद्धियों के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। यह अपग्रेड न केवल हमारे निवासियों और कारोबारियों की रक्षा करेंगे, बल्कि यह ब्रैम्पटन के डाउनटाउन केंद्र को फिर शक्तिशाली बनाने और इसमें परिवर्तन करने में मदद करेंगे।”

- *सोनिया सिद्धू* (Sonia Sidhu), *मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट फॉर ब्रैम्पटन साउथ*

“टोरोंटो एंड रीजन कन्जर्वेशन अथॉरिटी को, एटोबीको क्रीक को फिर से शक्तिशाली बनाने और वातावरण संबंधी फायदे प्रदान करते हुए, डाउनटाउन केंद्र में बाढ़ के जोखिम को कम करने के लिए, हमारे सरकारी साझेदारों के साथ काम करना जारी रखने में ख़ुशी हो रही है। डाउनटाउन ब्रैम्पटन फ्लड प्रोटेक्शन प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाना, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के रिवरवॉक प्रोजेक्ट को पूरा करने में एक महत्वपूर्ण कदम है – जो सिटी और इसके निवासियों के लिए परिवर्तनशील अवसर है।”

- *जेनिफर इनिस* (Jennifer Innis), *चेयर ऑफ द बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, टोरोंटो एंड रीजन कन्जर्वेशन अथॉरिटी*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ [Twitter](), [Facebook](), और [Instagram]() पर जुड़ें। [www.brampton.ca]() पर और जानें।

BRAMPTON

Media Release

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca